उपाध्यक्ष

कृपया 6–लेन हिण्डन एलीवेटेड रोड़ का टी0ओ0डी0 आधार पर निर्माण एवं विकास के कार्य पर निविदा समिति द्वारा विचार–विमर्श किया गया। उपरोक्त कार्य का व्ययानुमान रू० 1147.609 करोड़ की स्वीकृति पृष्ठ सं0–120 पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 22.05.2014 को प्रदान की गई है। पत्रावली के पृष्ठ सं0–120 पर उपाध्यक्ष महोदय की स्वीकृति धनांक रू0 876,37,69,785.63 मात्र दिनांक 22.05.2014 के अर्न्तगत 6 लेन हिण्डन एलीवेटेड रोड़ के निर्माण एवं विकास कार्य की भारत सरकार के परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के आधीन ई0पी0सी0 मोड तथा उनके द्वारा जारी मानक ई0पी0सी0 ड्राफ्ट ऐग्रीमेन्ट, आर0एफ0क्यू0 तथा आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट के आधार पर निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन प्राधिकरण वैबसाईट, अमर उजाला, दैनिक जागरण, टाईम्स ऑफ इण्डिया एवं हिन्दुस्तान टाईम्स समाचार पत्रों में दिनांक 27.05.2014 को कराते हुए दिनांक 10.07.2014 को निविदाएं आमंत्रित की गई, कार्य हेतु 03 निविदादाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। अर्हता प्राप्त तीनों निविदाताओं की तकनीकी बिड की स्वीकृति एवं प्राईज बिड खोले जाने की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नोट पृष्ठ सं0–193 पर दिनांक 17.07.2014 को प्रदान की गयी है, जिसके कम में दिनांक 18.07.2014 को को निविदा समिति द्वारा प्राईज बिड खोली गयी, जिनमें से प्राप्त 03 निविदाओं मे सर्वनिम्न निविदा मै0 नवयुगा इन्जीनियरिंग कं0लि0 की धनांक रू० 916.92 करोड़ की प्राप्त हुई, जो बी०ओ०क्यू० धनराशि से 4.63 प्रतिशत उच्च है।

अभियन्त्रण खण्ड द्वारा कार्य का जस्टीफिकेशन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर तैयार कर प्रस्तुत किया गया है :–

1. लोक निर्माण विभाग का SOR-2014 को आधार मानते हुए मुख्य रूप से सीमेन्ट, कोर्स सैण्ड, चूना तथा लैबर की दर एवं आई0ओ0सी0 से दिनांक 01.07.2014 को जारी बिटुमिन/इमेल्शन की दरों को विश्लेषित किये गये मदों में सम्मिलित कर मदों का विश्लेषण किया गया है। अवर अभियन्ता–तकनीकी/सहायक अभियन्ता–तकनीकी की पूर्व पृष्ठ पर अंकित आख्यानुसार SOR-2014 की दरों के आधार पर न्यायोचित लागत की गणना में सम्मिलित किये जाने हेतु उपाध्यक्ष महोदय के कार्यालय कक्ष में दिनांक 12.08.2014 को बैठक आहुत की गयी। बैठक में प्राधिकरण के अधिकारियों एवं पी0डब्ल्यू0डी0, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा राष्ट्रीय राजमार्ग लो0नि0वि0, के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा SOR-2014 को लागू किये जाने के मत पर बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। जिसके आधार पर SOR-2014 की दरों को न्यायोचित लागत की गणना में लिये जाने की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 13.08.2014 को पृष्ठ सं0–203 पर प्राप्त की गयी। कार्यवृत्त पत्रावली के दांयी ओर पृष्ठ सं0–131 व 132 पर संलग्न है।
2. निविदा आमंत्रण के दौरान हिण्डन एलीवेटेड रोड के एलाइन्मेंट में दिलशाद गार्डन से नये बस अड्डे तक प्रस्तावित मेट्रो रेल का भारत सरकार से स्वीकृत हो गया तथा एम0ओ0यू0 हस्ताक्षर हुआ है। जिस क्रम में मेट्रो लाईन के ऊपर से प्रश्नगत 6 लेन हिण्डन एलीवेटेड रोड के निर्माण की पत्रावली भाग सं0–2 के पृष्ठ सं0 173 से 174 पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 05.7.2014 को प्रदत्त प्रशासनिक तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए एलीवेटेड रोड़ के प्रोफाईल में उपरोक्त परिवर्तन एवं शर्तों को प्राधिकरण की वैबसाईट पर दिनांक 05.07.2014 को अपलोड किया गया। तदक्रम में ही निविदाताओं द्वारा दिनांक 10.7.2014 को अपनी निविदाओं की दरें दी गयी हैं। प्रोफाईल परिवर्तन के कारण कार्य के कन्सलटैन्ट मैसर्स होलटैक कन्सलटिंग प्रा0 लि0 द्वारा पत्र सं0 12552 दिनांक 22.07.14 द्वारा अतिरिक्त व्यय धनराशि का प्राकलन दिया है। जिसमें कार्य की अतिरिक्त लागत रु0 30,42,73,549.21 मात्र आंकलित की गयी है। कन्सलटैन्ट मैसर्स होलटैक कन्सलटिंग प्रा0 लि0 द्वारा प्रोफाईल परिवर्तन के कारण बढ़ी

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

## (टिप्पणियां एवं आदेश)



हुई मदों की मात्राओं में बिन्दु सं0–1 के अनुसार विश्लेषित दरों का प्रयोग कर लागत आंकलित कर न्यायोचित लागत में सम्मिलित किया गया है।

3. टेण्डर प्रक्रिया एवं क्रय में पारदर्शिता के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव वित्त उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–ए–।–1173/दस–2001–10(55)/2000 दिनांक 27 अप्रैल, 2001 के बिन्दु सं0–5 पर निर्देशित किया गया है कि सामग्री/भण्डार के क्रय के सम्बन्ध में तथा निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में प्राप्त टेण्डर के मूल्यांकन की व्यवस्था प्री क्वालीफिकेशन/टैक्निकल बिड के माध्यम से करते हुए न्यूनतम टेण्डर की दर को स्वीकार करते समय टेण्डर समिति/स्वीकर्ता अधिकारी पूर्व अनुभव तथा प्रचलित बाजार मूल्यों को भी यथा सम्भव ध्यान में रखेंगे। (छायाप्रति दांयी ओर पृष्ठ सं0–128 व 129 पर संलग्न है।)
4. निर्माण लागत में 1 प्रतिशत लैबरसैस सम्मिलित किया गया है।

उपरोक्तानुसार कार्य की न्यायोचित लागत की गणना अभियन्त्रण जोन द्वारा की गयी है, जिसके अनुसार कार्य की न्यायोचित लागत धनांक रु0 9,22,82,87,088.88 मात्र आती है। इस प्रकार कार्य हेतु प्राप्त तीन निविदाओं में सर्व निम्न निविदादाता मैसर्स नवयुगा इन्जीनियरिंग कं0 लि0 की सर्व निम्न निविदा धनांक रु0 916,92,00,000.00 (नौ सौ सोलह करोड बानवे लाख) मात्र उपरोक्त न्यायोचित लागत से 0.64 प्रतिशत निम्न रह जाती है। गणना की जांच अवर अभियन्ता–तकनीकी एवं सहायक अभियन्ता–तकनीकी द्वारा कर ली गई है। 01 प्रतिशत लेबर सैस की कटौती ठेकेदार के देयकों से की जानी प्रस्तावित है।

अतः पूर्व नोट पृष्ठ संख्या–204 पर अधिशासी अभियन्ता जोन–04 की अनुशंसा व नोट पृष्ठ संख्या–207 पर सहायक अभियन्ता–तकनीकी की आख्या के क्रम में उपरोक्त कार्य हेतु सर्वनिम्न निविदादाता मैसर्स नवयुगा इंजी0 कं0 लि0 की निविदा धनांक रु0 916,92,00,000.00 (रूपये नौ सौ सोलह करोड बानवे लाख) मात्र जो बी0ओ0क्यू0 धनांक से 4.63 प्रतिशत उच्च तथा न्यायोचित धनराशि से 0.64 प्रतिशत निम्न है, की स्वीकृति हेतु निविदा समिति द्वारा संस्तुति की जाती है।

| (संजय जिन्दल)<br>सहायक अभियन्ता–तकनीकी<br>सदस्य संयोजक | (चक्रेश जैन) 19/8/14<br>अधिशासी अभियन्ता जोन–04 | (वी०के० गोयल)<br>मुख्य अभियन्ता | (टी०आर० यादव)<br>वित्त नियन्त्रक |
|---|---|---|---|

VC Sir,

9/08/14
एस०वी०एस० रंगाराव
I.A.S.
विशेष कार्याधिकारी
जी०डी०ए०

20/8/14